मानव संग्रहालय में जनजातीय गौरव दिवस और छठ पूजा का आयोजन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल में रविवार को जनजातीय गौरव दिवस और सांकेतिक छठ पूजा का आयोजन किया गया। दोनों आयोजनों के माध्यम से प्रकृति, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का संदेश दिया गया।

जनजातीय गौरव दिवस पर भेल भोपाल के जनजातीय समुदाय के लगभग 350 लोगों ने संग्रहालय का भ्रमण किया। इसके बाद भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उनके जीवन, संघर्ष और बलिदान पर चर्चा के साथ एक फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने की। भेल की ओर से कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसी अवसर पर संग्रहालय की दीर्घा क्रमांक पांच में सांकेतिक छठ पूजा आयोजित की गई। यहां मधुबनी चित्रकला के माध्यम से छठ पर्व की झलक प्रस्तुत की गई है। यह कलाकृति स्वर्गीय यशोदा देवी और उनके सहयोगियों ने बनाई थी। कार्यक्रम में पीजीडीएम के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सांकेतिक पूजा की। इसमें संग्रहालय के अधिकारी-कर्मचारी और भेल के जनजातीय समुदाय के लगभग 300 लोगों सहित अन्य आगंतुक शामिल हुए।

बाल दिवस पर बच्चों ने जिम्मेदार नागरिक बनने का लिया संकल्प

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः साधु वासवानी एवं मुक्ता इंटरनेशनल स्कूल में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं संत श्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चे विभिन्न वेशभूषाओं में विद्यालय पहुंचे और अलग-अलग किरदारों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंगारंग कार्यक्रमों के तहत नृत्य, गीत, खेलकूद और विभिन्न प्रतियोगिताएं भी हुईं। बच्चों ने मन लगाकर पढ़ाई करने, माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लिया। वहीं, लाइफ लाइन स्कूल में भी बाल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया।

प्रकाश पर्व पर कलामंदिर संस्था ने सजाई संगीत और कविता की महफिल



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अखिल भारतीय कलामंदिर संस्था की ओर से प्रकाश पर्व पर सांगीतिक एवं साहित्यिक आयोजन विश्व संवाद केंद्र, शिवाजी नगर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गौरीशंकर शर्मा 'गौरीश' ने की। मुख्य अतिथि पद्मश्री नारायण व्यास तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व संगीत अकादमी निदेशक उल्हास तैलंग रहे। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष हरिवल्लभ शर्मा 'हरि' भी मंचासीन थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और खुशी विजयवर्गीय की सस्वर वंदना से हुआ। डॉ. शर्मा ने प्रकाश पर्व की महत्ता बताते हुए आत्मप्रकाश को सच्चा प्रकाश बताया। पद्मश्री नारायण व्यास ने दीपों की पुरातात्विक खोज, विदिशा के प्राचीन विष्णु मंदिर और पुरातन ग्रंथों पर विचार व्यक्त किए।

संगीत सभा में अम्बरीष गंगराड़े ने सितार पर राग भूपाली प्रस्तुत किया। तबले पर दिवाकर भट्ट ने संगत की। इसके बाद उल्हास तैलंग ने शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी। संगीत की स्वर लहरियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

दूसरे चरण में कवि सम्मेलन हुआ। इसमें संतोष सोनी, मनीष श्रीवास्तव 'बादल', सुषमा श्रीवास्तव, सरोज लता सोनी, डॉ. प्रमोद पुष्कर, सीमा हरि शर्मा, अशोक धमनिया, प्रमिला झरवड़े, डॉ. सीमा अग्रवाल, उमेश तिवारी 'आरोही', भंवरलाल श्रीवास और डॉ. सुनीता शर्मा 'सिद्धि' सहित अन्य कवियों ने प्रकाश पर्व, दीपावली, पर्यावरण और सामाजिक सद्भाव पर रचनाएं प्रस्तुत कीं।

दीपावली स्नेह मिलन में आध्यात्मिकता और उल्लास का संगम



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सुख शांति भवन, नीलबड़ स्थित मेडिटेशन रिट्रीट सेंटर में दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। शिवपुरी से पधारीं राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शबनम दीदी ने अपने आध्यात्मिक अनुभव साझा करते हुए राजयोग, परमात्म अनुभूति और जीवन में श्रेष्ठ संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुआ। बच्चों और बहनों ने नृत्य, कविता तथा कव्वाली के माध्यम से प्रेम, सद्भाव और भारतीय संस्कृति का संदेश दिया। इस अवसर पर दीपावली के आध्यात्मिक महत्व को बताते हुए अंतर्मन को ज्ञान और पवित्रता से प्रकाशित करने की प्रेरणा दी गई। बहनों ने एंजेलिक वर्ल्ड पीस कैंडल लाइट मेडिटेशन कराया।

कार्यक्रम में बड़ी दीदी बीके नीता दीदी का जन्मदिन भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। केक कटिंग, पारिवारिक नृत्य, तिलक एवं ईश्वरीय टोली के बाद सभी ने ब्रह्माभोजन स्वीकार किया। समारोह में आध्यात्मिकता और पारिवारिक आत्मीयता का सुंदर संगम देखने को मिला।

बिजली बिल वसूली पर आउटसोर्स कर्मचारियों को मिले 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि : भार्गव

नप्र, भोपालः मध्यप्रदेश बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव और जनता यूनियन के उपाध्यक्ष नरेंद्र भदौरिया ने बिजली बिल वसूली में लगे आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों को 10 प्रतिशत विशेष प्रोत्साहन राशि देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की तीनों बिजली वितरण कंपनियों में कार्यरत हजारों आउटसोर्स और संविदा लाइन हेल्पर एवं विद्युत सहायकों से बिजली लाइनों के संचालन और संधारण के साथ बकाया बिलों की वसूली का कार्य भी कराया जा रहा है। इसके बावजूद उन्हें वेतन के अतिरिक्त वसूली राशि पर कोई प्रोत्साहन नहीं दिया जा रहा है। मनोज भार्गव ने मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, प्रमुख सचिव ऊर्जा और तीनों बिजली वितरण कंपनियों के प्रबंध संचालकों को पत्र लिखकर सुझाव दिया है कि निजी बैंक और बीमा क्षेत्र की तर्ज पर कर्मचारियों को वसूली गई राशि का 10 प्रतिशत प्रोत्साहन दिया जाए।

भगवान सहस्त्रबाहु की शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, सात हजार समाजजन हुए शामिल



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भगवान श्री सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव पर कल्चुरी समाज ने राजधानी में भव्य वाहन शोभायात्रा निकाली। भेल दशहरा मैदान से शुरू हुई शोभायात्रा का समापन एकांत पार्क स्थित कल्चुरी भवन के भगवान सहस्त्रबाहु मंदिर में हुआ। परम श्रद्धेय दादा गुरुजी महाराज के आशीर्वचनों के साथ मंत्री विश्वास सारंग और कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ. एलएन मालवीया ने पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।

शोभायात्रा में करीब दो हजार चारपहिया और 1500 दोपहिया वाहनों के साथ लगभग सात हजार समाजजन शामिल हुए। मंत्री विश्वास सारंग, सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव सहित पक्ष-विपक्ष के अनेक जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

डॉ. मालवीया ने बताया कि शोभायात्रा का एक छोर भेल दशहरा मैदान तो दूसरा गेमन मॉल तक पहुंच गया था। मार्ग में 17 स्वागत मंचों से विभिन्न समाजों के लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। आयोजकों ने इसे मध्य प्रदेश में भगवान सहस्त्रबाहु की अब तक की सबसे बड़ी शोभायात्रा बताया।

गहोई वैश्य समाज का अन्नकूट महोत्सव, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः श्री गहोई वैश्य समाज का अन्नकूट महोत्सव रविवार को हुआ। समाज के अध्यक्ष तनुज कुदरिया और मंत्री अखिल रेजा ने बताया कि फतेहगढ़ स्थित मंदिर कंठाली में दोपहर 12 बजे भगवान राधाकृष्ण को 56 भोग अर्पित कर महआरती की गई। तत्पश्चात महाप्रसादी भोजन का सिलसिला शुरू हुआ, जो रात आठ बजे तक जारी रहा। इस बीच मां भगवती आराधना मंच के कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु जमकर झूमे। इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सावला, क्षेत्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र सोनी, संत समिति के प्रदेश अध्यक्ष महंत अनिलानन्द, महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर, तेजस जनकल्याण समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुदरिया, सचिव वरुण गुप्ता, समाज के पूर्व अध्यक्ष कुबेरचन्द्र रेजा, भगवानदास गुप्ता, प्रकाशचन्द्र कुचिया, शामिल हुए।

मप्र तहसीलदार संघ के चुनाव में प्रदीप तिवारी अध्यक्ष निर्वाचित



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश तहसीलदार संघ के रविवार को संपन्न हुए प्रांतीय चुनाव में जबलपुर में पदस्थ तहसीलदार प्रदीप तिवारी अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं, अर्पित मेहता ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की।

चुनाव में पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र शर्मा ने इन पदों पर निर्वाचन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रदेशभर के तहसीलदारों ने बधाई दी। साथ ही आशा जताई कि उनके नेतृत्व में संघ मजबूत होगा और तहसीलदारों की समस्याओं का प्रभावी समाधान हो सकेगा।

थोक वस्त्र व्यवसाय संघ की कमान पांचवीं बार कन्हैयालाल इसरानी को



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः थोक वस्त्र व्यवसाय संघ (कपड़ा एसोसिएशन), संतनगर की द्विवार्षिक चुनावी आमसभा में सर्वसम्मति से कन्हैयालाल इसरानी को पांचवीं बार अध्यक्ष चुना गया। उनका कार्यकाल पूरा होने पर वे संघ के पूर्व अध्यक्ष जनकराम आडवाणी का रिकॉर्ड तोड़ देंगे, जो नौ साल तक अध्यक्ष रहे थे।

आमसभा में दिनेश वाधवानी को दोबारा महासचिव और नंदलाल पंजवानी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वरिष्ठ कपड़ा कारोबारी नरेंद्र लालवानी को नया प्रथम उपाध्यक्ष बनाया गया। शेष पदाधिकारियों के चयन का अधिकार अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी को दिया गया। वे विचार-विमर्श के बाद कार्यकारिणी घोषित करेंगे।

अध्यक्ष इसरानी ने कहा कि लाइसेंस शुल्क और सीलिंग जैसी समस्याओं पर एसोसिएशन ने हमेशा व्यापारियों के हित में काम किया है। उन्होंने निर्माणाधीन सिक्सलेन एलिवेटेड फ्लाईओवर के नीचे के पूरे हिस्से को पार्किंग के लिए आरक्षित रखने की मांग की। उन्होंने संतनगर के विस्तार और कारोबार में वृद्धि का भी उल्लेख किया।

सचिव अमित बिनवानी ने कपड़ा कारोबार में उधारी का भुगतान देर से मिलने पर चिंता जताई। उन्होंने सुझाव दिया कि सूरत की तरह यहां भी उधारी लेकर फरार होने वाले व्यापारियों के नाम सार्वजनिक किए जाएं। नए सदस्य सुरेश जसवानी ने धर्मशाला के बाहर की सड़कों के विकास के लिए सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा और महापौर मालती राय से मुलाकात करने का सुझाव दिया। कोषाध्यक्ष नंदलाल पंजवानी ने द्विवार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

इसरानी ने बताया कि मुस्कान गार्डन के पास चार करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक वातानुकूलित धर्मशाला बनाई जा रही है। इसमें दो बड़े सभागार और 27 कमरे होंगे।

निर्माण आगामी अप्रैल तक पूरा होने की संभावना है। इसका लोकार्पण भगवान झूलेलाल जयंती पर किया जाएगा। धर्मशाला के पास बनाई गई नौ दुकानों की बिक्री के बाद पांच और दुकानें बनाने का निर्णय लिया गया है। इनसे मिलने वाली राशि भी निर्माण कार्य में खर्च की जाएगी। आमसभा में बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

छप्पन भोग अर्पित कर मनाया अन्नकूट महोत्सव



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः श्रीकृष्णापुरम कॉलोनी, संजीव नगर स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्री गोवर्धननाथ का षोडशोपचार पूजन कर गिरिराज जी का दुग्धाभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती की गई और प्रसाद वितरण हुआ।

पंडित लेखराज शर्मा, राकेश शास्त्री, मुकेश भार्गव, प्रियेश दुबे और आनंद दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया। पंडित नीलेश आचार्य की मंडली ने भजनों की प्रस्तुति दी।

आयोजन में मंत्री विश्वास सारंग, सांसद आलोक शर्मा, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, विधायक विष्णु खत्री और महापौर मालती राय सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कॉलोनी समिति अध्यक्ष लवलेश शर्मा सहित सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
जीपीओए-3, नेताजी नगर, नई दिल्ली-110023

दिनांकः 16-11-2026

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) **के अध्यक्ष पद हेतु आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि में विस्तार**

यह सामान्य जनता की जानकारी के लिए है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) में अध्यक्ष पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाला विज्ञापन दिनांक 20.09.2026 को समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था और इसे 18.10.2026 को आगे बढ़ा दिया गया था। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को अपने आवेदन NCPCR के आवेदन पोर्टल https://ncpcrvacancies.wcd.gov.in के माध्यम से जमा करने होंगे।

2. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि, जो पहले 16.11.2026 निर्धारित की गई थी, अब बढ़ाकर 01.12.2026 कर दी गई है। अधिक जानकारी के लिए कृपया उपर्युक्त आवेदन पोर्टल https://ncpcrvacancies.wcd.gov.in तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) की वेबसाइट देखें।

भारत सरकार के अवर सचिव
फ़ोन नं. 011-26773718

cbc 46101/11/0019/2627

माता मंदिर में रक्तदान शिविर बजरंगियों ने किया रक्तदान

विहिप कार्यकर्ताओं ने दोहराया सेवा का संकल्प



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल संत हिरदाराम के तत्वावधान में स्थानीय नुक्कड़ वाली माता मंदिर परिसर में रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के मध्य भारत प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर एसीपी संतोष पटेल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। सेवा कार्यों को बढ़ाने संकल्प भी दोहराया विहिप कार्यकर्ताओं ने दोहराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अर्चक पुरोहित पंडित रवि पटेरिया ने कहा कि रक्तदान महादान है और समय पर रक्त मिलने से कई अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। शिविर में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य विशाल पुरोहित, जिला मंत्री दीपक सिसोदिया, जिला संयोजक गजेंद्र मेवाड़ा, जिला सहमंत्री जीतू कटारिया, बजरंग दल सहसंयोजक पवन सिंह धाकड़, भूपेंद्र सिंह गुर्जर, विधायक प्रतिनिधि राम बंसल और रामू केवट सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बाल दिवस पर लगा बाल मेला, नन्हे उद्यमियों ने सीखे कारोबार के गुर

भोपाल । महात्मा गांधी शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरखेड़ा में बाल दिवस पर बाल मेले का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने खाद्य सामग्री और खेलों के स्टॉल लगाए। मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता कौशल विकसित करना था।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश कीरत देवी अंकित हो गया है जबकि मेरा वास्तविक एवं समस्त दस्तावेजो (वोटर आइडी कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची, पैन कार्ड एवं बैंक पास बुक) में अंकित नाम कर्कीती त्रिपाठी है। अर्थात मेरा नाम कीर्ती त्रिपाठी कराना चाहती हूँ जिस हेतु आज दिनांक से मुझे कर्कीती त्रिपाठी के नाम से ही जाना व पहचाना जाय।

कीर्ती त्रिपाठी
पत्नी राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी
निवासी ग्राम गोडहर, तहसील हुजूर नगर, जिला रीवा (म.प्र.)

4026

आयुक्त कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय क्रमांक-2 भोपाल (मध्यप्रदेश)

प्र.क्र. 37/डब्लू.सी.(फे)/एक्ट 2026 वि. 25-11-2026

सूचना-पत्र

उपरोक्त प्रकरण में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनाक 11-08-2010 को हुई दुर्घटना में कर्मकार श्री स्व. गोवर्धन की मृत्यु हो जाने के फलस्वरूप नियोक्ता प्रबंधक इफको टोकियो मतरल इंश्योरेंस कम्पनी लि. भोपाल म.प्र. ने इस न्यायालय में रूपये 14,26,481/-00 (चौदह लाख छब्बीस हजार चार सौ इक्यासी रूपये मात्र) मृतक के आश्रितों को मुआवजा, क्षतिधन वितरण करने हेतु जमा किये है यह रकम कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अंतर्गत जमा की गई है। अतःयदि कोई व्यक्ति धारा 2(1)(डी) कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1023 के तहत मृतक का आश्रित हो तो वह दिनांक 25-11-20 को प्रातः 11:00 बजे मेरे समक्ष इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना प्रार्थनापत्र क्लैम एवं साक्ष्य प्रस्तुत करे और साथ में अपना शिनाख्ती के लिये किसी मजिस्ट्रेट द्वारा अटेस्टेट किया हुआ स्वयं का फोटो लावें यदि मृतक के नाबालिग बच्चे हों तो उन्हें साथ लावें । उपरोक्त दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले प्रार्थनापत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। सूचनापत्र आज दिनांक 27-10-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

आयुक्त
कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय क्रं. 2, भोपाल (म.प्र.)

4027

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
जीपीओए-3, नेताजी नगर, नई दिल्ली-110023

दिनांकः 16-11-2026

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) **के छह (06) सदस्यों के पदों हेतु आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि में विस्तार**

यह सामान्य जनता की जानकारी के लिए है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) में छह (06) सदस्यों के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाला विज्ञापन निम्नलिखित श्रेणियों के अंतर्गत जारी किया गया था:

(i) बाल शिक्षा;
(ii) बाल स्वास्थ्य, देखभाल, कल्याण या बाल विकास;
(iii) किशोर न्याय या उपेक्षित/हाशिए पर रहने वाले बच्चों अथवा दिव्यांग बच्चों की देखभाल;
(iv) बाल श्रम का उन्मूलन अथवा संकटग्रस्त बच्चे,
(v) बाल मनोविज्ञान या समाजशास्त्र; और
(vi) बच्चों से संबंधित कानून।

2. पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को अपना आवेदन, NCPCR आवेदन पोर्टल https://ncpcrvacancies.wcd.gov.in के माध्यम से जमा करने होंगे।
3. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि, जो पहले 16.11.2026 निर्धारित की गई थी, अब बढ़ाकर 01.12.2026 कर दी गई है। अधिक जानकारी के लिए कृपया उपर्युक्त आवेदन पोर्टल https://ncpcrvacancies.wcd.gov.in तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MCWD) की वेबसाइट देखें।

भारत सरकार के अवर सचिव
फ़ोन नं. 011-26773718

cbc 46101/11/0020/2627